रयत शिक्षण संस्था का,

डॉ.पतंगराव कदम महाविद्यालय, रामानंदनगर (बुर्ली)

हिंदी विभाग

हिंदी दिवस समारोह

2022 - 23

महाविद्यालय में हिंदी विभाग की ओर से 16 सितम्बर के 'हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया था । एस समारोह के लिये प्रमुख अतिथि के रूप में शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. पी.एस.पाटील उपस्थित थे । समारोह के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्र.प्रधानाचार्य डॉ.टी.एस.भोसले थे ।

समारोह के प्रास्ताविक में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रा.डॉ.के.बी.भोसले जी ने हिंदी विभाग द्वारा आयोजित विविध उपक्रमों की जानकारी दी, जिसमें प्रमुख रूप से निबंध, वक्तृत्व, गीतगायन, काव्यवाचन प्रतियोगिता, अविष्कार भित्ती पत्रिका आदि का उल्लेख किया।

इसके बाद हिंदी विभाग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के प्रमाणपत्र छात्रों को समारोह के अध्यक्ष प्र.प्रधानाचार्य डॉ.टी.एस.भोसले और प्रमुख अतिथि डॉ. पी.एस.पाटील इनके द्वारा प्रदान किये गये।

डॉ. पी.एस.पाटील जी ने अपने मंतव्य में हिंदी दिवस का महत्व, हिंदी की आवश्यकता इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। आगे उन्होने कहा हिंदी आज विश्व स्तर की भाषा की ओर अग्रेसर होती जा रही है। आज हमें हिंदी को समृद्ध भाषा बनानें की जरुरत है। भाषा की सुंदरता के संदर्भ में भी उन्होने कई उदाहरण दिये। भाषा को आज बचाने की जरुरत है, हिंदी का प्रचार प्रसार करने की आज आवश्यकता है। यह बात उन्होने प्रमुख रूप में व्यक्त की ।

समारोह के अध्यक्ष प्र.प्रधानाचार्य डॉ.टी.एस.भोसले इन्होने अपने अध्यक्षीय विचार व्यक्त करते हुये कहा, हिंदी आज पुरे देश में फैली है। हिंदी के साथ साथ हमे अनेक भाषाये आनी चाहिये। सीमा प्रांत में लोगों को एक अतिरिक्त भाषा आती है, इस बात पर भी उन्होने प्रकाश डाला। हिंदी का प्रचार प्रसार हिंदी दिवस के माध्यम से किया जाता है, इसलिये यह दिवस मनाना चाहिये। इस बात को भी उन्होने स्पष्ट किया।

समारोह के लिये प्रमुख उपस्थिति के रूप में डॉ. सुनील बनसोडे जी उपस्थिति थे साथ ही महाविद्यालय के छात्र बडी संख्या में उपस्थित थे। समारोह का आभारज्ञापन प्रा.डॉ.नितीन कुंभार इन्होने किया। समारोह का सूत्रसंचालन प्रा.श्रीमती माधुरी सावंत इन्होने किया।

लाभार्थी संख्या - 46

उपलब्धि - राष्ट्रभाषा हिंदी का प्रचार प्रसार करना ।
हिंदी साहित्य सृजन के प्रति छात्रों में रुचि बढाना ।

प्रमुख अतिथि - डॉ. पी.एस.पाटील

प्रमुख उपस्थिति - डॉ. सुनील बनसोडे

अध्यक्ष - प्र.प्रधानाचार्य डॉ.टी.एस.भोसले

प्रमाणपत्र वितरण

अध्यक्ष
हिंदी विभाग

डॉ. पतंगराव कदम महाविद्यालय रामानंदनगर (बुर्ली)

प्र.प्राचार्य
डॉ.पतंगराव कदम महाविद्यालय,
रामानंदनगर (बुर्ली)